षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-17 सोमवार, दिनांक-21 मार्च, 2016 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.28 बजे अप० तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 20 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न सं०-1902 के उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा समय लिया गया ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 50 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री तारकिशोर प्रसाद, श्रीमती भागीरथी देवी एवं श्री राणा रणधीर से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(ii) श्री राणा रणधीर
(iii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iv) श्री विजय कुमार सिन्हा
(v) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री अमीत कुमार
(viii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(ix) श्री प्रहलाद यादव
(x) श्रीमती भागीरथी देवी
(xi) श्री विनोद कुमार सिंह
(xii) श्री मुद्रिका सिंह यादव
(xiii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा
(xiv) श्री प्रमोद कुमार
(xv) श्री अरूण कुमार सिन्हा

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री नन्द किशोर यादव का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा एवं श्री सदानन्द सिंह का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

[5] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों [कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, पंचायती राज विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री शिवचन्द्र राम द्वारा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य श्री मिथलेश तिवारी ने कटौती का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया एवं अपना पक्ष रखा।

सदन में प्रस्तुत अनुदान की माँग पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भोला यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया।)

(ii) श्रीमती कविता कुमारी
(iii) श्रीमती भावना झा
(iv) श्री ललन पासवान
(v) श्री सुदामा प्रसाद
(vi) श्री श्याम बाबु प्रसाद
(vii) श्री संजय कुमार सिंह
(viii) श्री वशिष्ठ सिंह
(ix) श्रीमती एज्या यादव
(x) श्री रामदेव राय
(xi) श्री विनय बिहारी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

(xii) श्री जयवर्द्धन यादव उर्फ बच्चा यादव
(xiii) श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी
(xiv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xv) श्री विजय शंकर दूबे
(xvi) श्री अरूण कुमार

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री शिवचन्द्र राम ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य श्री मिथलेश तिवारी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[6] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

"होली के शुभ अवसर पर आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों को एवं सदन की ओर से बिहार की सभी जनता को होली की शुभकामनायें दी गयीं।"

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 28 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-21 मार्च, 2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।